## प्रादेशिक समाचार
## दिनांक– 03.04.2025 (दोपहर–1455 बजे)

अल्पसंख्यक मामलों के केन्द्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने आज वक्फ संशोधन बिल राज्यसभा में पेश किया। उन्होंने कहा कि जो प्रावधान किए गए है, उसमें ट्रांसपेरेंसी, अकाउंटेबिलिटी और एफिशिएंसी को ध्यान में रखा है। उन्होंने कहा कि किसी की धार्मिक भावना को चोट नहीं पहुंचाई जा रही है।

**********************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में आठ अप्रैल को राज्य मंत्रिपरिषद की बैठक आयोजित की जायेगी। मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग ने यह जानकारी दी है। दोपहर एक बजे से होने वाली इस बैठक में राज्यहित में कई अहम फैसले लिये जा सकते हैं।

**********************

नक्सलियों के खिलाफ चलाये जा रहे राज्यव्यापी अभियान में पुलिस को एक और सफलता मिली है। पुलिस ने पलामू जिले के नावाबाजार थाना क्षेत्र से प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन तृतीय सम्मेलन प्रस्तुति कमिटी –टीएसपीसी के सक्रिय इनामी नक्सली जीबलाल यादव को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार उग्रवादी पर एक लाख रुपये का इनाम घोषित है। अपर पुलिस अधीक्षक अभियान राकेश सिंह ने इसकी पुष्टि की है।

**********************

उत्पाद विभाग की टीम ने रांची के नामकुम थाना क्षेत्र के विभिन्न इलाकों में अवैध शराब के अड्डों पर छापेमारी की। इस दौरान हेसापीढ़ी गांव में नदी किनारे और खेतों में संचालित चुलाई शराब के अड्डों को नष्ट किया गया। सहायक आयुक्त उत्पाद अरुण कुमार मिश्रा ने बताया कि इस कार्रवाई में 10 अवैध शराब अड्डों को ध्वस्त किया गया, जबकि 12 हजार किलो जावा महुआ नष्ट कर दिया गया। साथ ही 400 लीटर चुलाई शराब जब्त की गई।

**********************

साहिबगंज जिले के राजमहल नगर क्षेत्र के महाजन टोली स्थित एक लकड़ी मिल में आज सुबह भीषण आग लग गई, जिससे लाखों रुपये का सामान जलकर राख हो गया। ग्रामीणों के सहयोग से आग पर काबू पाने के लिए काफी प्रयास किया गया, लेकिन आग पर काबू नहीं पाया जा सका। इसके बाद राजमहल क्षेत्र से आये दमकल कर्मियों की मदद से आग पर काबू पाया गया।

**********************

लोक आस्था और उपासना का महापर्व चैती छठ के आज तीसरे दिन व्रतधारी अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य अर्पित करेंगे। इसे लेकर राजधानी रांची समेत राज्य के महत्वपूर्ण छठ घाटों पर साफ–सफाई के साथ अन्य जरूरी व्यवस्थाएं पूरी कर ली गई है। वहीं, कल सवेरे उदयाचल सूर्य को अर्घ्य देने के साथ इस महापर्व का समापन होगा।

**********************

रांची के पिठोरिया में सरहुल जुलूस के दौरान हुए विवाद को लेकर आदिवासी समाज के लोगों ने आज रांची–पतरातू मार्ग को जाम कर दिया है। प्रदर्शनकारियों ने दुकानों को भी बंद करा दिया है। प्रदर्शनकारी जल्द से जल्द आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग कर रहे हैं।

**********************

रांची होकर सांतरागाछी–अजमेर साप्ताहिक समर स्पेशल ट्रेन 7 अप्रैल से 24 अप्रैल तक चलेगी। यह ट्रेन सांतरागाछी से प्रत्येक सोमवार को रात्रि सात बजकर 55 मिनट पर खुलेगी और अगले दिन दोपहर बाद 3 बजकर 50 मिनट पर रांची स्टेशन आएगी और फिर आगे के लिए रवाना होगी। वहीं प्रत्येक गुरुवार को अजमेर से प्रस्थान करेगी तथा शनिवार को शाम 6 बजकर 55 मिनट पर रांची पहुंचेगी।

**********************

धनबाद–कोडरमा–गया रेलखंड पर रेल की रफ्तार बढ़ाने की पुरजोर तैयारी की जा रही है। कल इस रेलखंड पर 160 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से ट्रेन परिचालन का ट्रायल किया जाएगा।

**********************

मौसम विभाग ने राजधानी रांची समेत राज्य के कई हिस्सों में आज से अगले तीन दिनों तक तेज हवा के साथ बादल गर्जन, बारिश, वज्रपात और ओलावृष्टि का येलो अलर्ट जारी किया है। रांची मौसम केंद्र के निदेशक अभिषेक आनंद ने बताया कि साइक्लोनिक सर्कुलेशन के प्रभाव से मौसम में यह बदलाव देखने को मिल सकता है।

*******समाप्त*******